संक्षिप्त

ब्लॉक स्तरीय किसान गोष्ठी

सरवाड़, (निसं)। पंचायत समिति सरवाड़ सभागार में आत्मा योजना अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय कृषि बजट आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन उप जिला प्रमुख आगामी लाल चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रधान धाकड़ वह सरवाड़ प्रधान प्रतिनिधि रामदेव गुर्जर रहे। कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि परियोजना निर्देशक आत्मा बुद्धि प्रकाश पारीक ने जल संरक्षण जैविक खेती मिशन बीज उत्पादक एवं वितरण मिशन राजस्थान मिलेट प्रोत्साहन संरक्षित खेती मिशन भूमि मिशन राजस्थान मिशन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया आत्मा परियोजना अंतर्गत पंचायत समिति जिला स्तर पर पुरस्कार कृषि में बालिका शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि फसल प्रदर्शन प्ररीक्षण एवं आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान सहायक कृषि अधिकारी सत्यनारायण ओझा नारायण सिंह राठौड़ अखिलेश खटीक कृषि प्रवेशक हीरालाल आदि उपस्थित रहे।

सात किलो गांजा ले जाते तस्कर पकड़ा

भीलवाडा, (निसं)।मंगरोप थाना पुलिस ने गश्त के दौरान प्लास्टिक की बाल्टी में 7 किलो गांजा ले जाते तस्कर को गिरफ्तार किया है। डीएसपी सदर रामचंद्र चौधरी ने बताया कि मादक पदार्थ के तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगरोप थाना प्रभारी मोतीलाल ने गश्त के दौरान नेशनल हाइवे पर गुवारडी सरहद में स्थित देवनारायण मंदिर से पहले नाले के पास संदेह के आधार पर एक युवक को रोका तो वह संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। पुलिस को उसके पास प्लास्टिक की बाल्टी मिली जिसमें 7 किलो गांजा मिला जिसे पुलिस ने जब्त कर श्रीराम नगर मंडपिया स्टेशन भगवती लाल उर्फ भागूता पुत्र मांगीलाल प्रजापत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है और अग्रिम जांच हमीरगढ थाना प्रभारी पुष्पा कासोटिया को सौंपी गई है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर

अजमेर, (कासं)। शहर के धोला भाटा रोड स्थित मन्ना हवेली में हर माह की 27 तारीख को निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी कडी में सोमवार को आयोजित चिकित्सा शिविर में करीब 160 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई ओर परामर्श लिया। केके गौड ने बताया कि हर माह की 27 तारीख को आयोजित किये जा रहे निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर में विभिन्न रोगों की निःशुल्क दवा उपलब्ध करवाई जाती है। यह चिकित्सा शिविर सीनियर सिटीजन ग्रुप धोला भाटा द्वारा संचालित किया जाता है। सीनियर सिटीजन ग्रुप द्वारा द्वारा पूर्व में भी कई तरह के सामाजिक कार्य किए जाते रहे हैं, जिनमें निशुल्क श्रवण यंत्र, छड़ी, आंखों का चश्मा वितरित किए गए एवं सामाजिक कार्य गायत्री यज्ञ वैक्सीनेशन कैंप भी आयोजित किए जाते है। सोमवार को शिविर में 160 से अधिक लोग लाभान्वित हुए।

केशकला बोर्ड अध्यक्ष नागौर आएंगे

नागौर, (निसं)। राज्य के केशकला बोर्ड अध्यक्ष महेंद्र गहलोत मंगलवार को नागौर आएंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार महेंद्र गहलोत मंगलवार को नोखा (बीकानेर) से दोपहर 2 बजे रवाना होकर शाम 4 बजे मकराना की ग्राम पंचायत मामडोली पहुंचेंगे जहाँ वे 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे वहां से 4:30 बजे रवाना होकर 5:15 बजे लाडोली पहुंचेंगे जहां वे पुस्तकालय एवं सभागार कक्ष के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे गांव लाडोली से शाम 7 बजे जयपुर के लिये रवाना होंगे।

ट्रांसफार्मर से तेल और तांबा चोरी

नसीराबाद, (निसं)। नसीराबाद सदर थाना अंतर्गत ग्राम गादेरी में दो मोबाइल टावर के लिए लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से गत 16 जून को अज्ञात चोर तेल और तांबा चुरा कर ले गए जिस पर अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्रीनगर की कनिष्ठ अभियंता दिनेश मीणा की रिपोर्ट पर सदर थाना पुलिस ने सोमवार को चोरी का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

48 पव्वे देशी शराब सहित जब्त

नसीराबाद, (निसं)। नसीराबाद सदर थाना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम झड़वासा के निकट से ग्राम रामपुरा निवासी दुर्गा भील को 48 पव्वे अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार कर सोमवार को नसीराबाद न्यायालय में पेश किया।

खड़े ट्रेलर से टकराई रोडवेज, दुर्घटना में एक दर्जन यात्री घायल

- सड़क पर खड़े दर्जनों ट्रेलर की कतारें हादसे का कारण बनी
- गंभीर घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय रैफर किया

बांदनवाड़ा, (निसं)। कस्बे के अजमेर रोड पर कुमावत पेट्रोल पंप के सामने सड़क पर खड़े दर्जनों ट्रेलर्स मे से एक से प्रातः 8 बजे भीलवाड़ा से अजमेर जा रही एक रोडवेज टकरा गई। दुर्घटना में तकरीबन दर्जन यात्री घायल हो गए।

टक्कर की तेज आवाज से दुर्घटना स्थल पर भीड़ जमा हो गई जिनकी मदद से 108तथा एनएचएआई की एंबुलेंस में घायलों को चिकित्सा हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। मौके पर स्थानीय पुलिस चौकी से पहुंचे पुलिस कर्मियों राजेश कुमार तथा महेश ने यातायात सुचारू करवाया। यात्रियों मे से एक ने बताया कि बस बांदनवाड़ा स्टेंड से सवारियां लेकर कुमावत पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंची ही थी कि बस सड़क पर खड़े एक ट्रेलर से टकरा गई जिससे बस मे सवार तकरीबन एक दर्जन यात्री घायल हो गए। ट्रेलर से टकराने कि वजह से बस के आगे के दोनों शीशे टूट गए जिसके चलते सवार यात्री चोटिल हो गए।

दुर्घटनास्थल पर थोड़ी ही देर में भीड़ जमा हो गई तथा सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने भीड़ को हटा कर यातायात सुचारू करवाया तथा उपस्थित लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उपस्थित चिकित्साकर्मियों ने घायलों प्राथमिक उपचार किया तथा गंभीर घायलों को जेएलएन चिकित्सालय अजमेर रैफर किया गया। दुर्घटना में धनराज पुत्र धूकल 60वर्ष देवनगर पुष्कर, अजय पुत्र गणपत 24 वर्ष निवासी करकेडी, मंजू शर्मा पुत्री राधेश्याम निवासी भीलवाड़ा,बाबूलाल पुत्र पन्ना निवासी भीलवाड़ा, विजयनगर, रामदेव पुत्र हीरा निवासी भिनाय, माया पत्नी हंसराज निवासी अजमेर, रोजमेरी पुत्री नितिन निवासी अजमेर राजेश पुत्र हस्तीमल निवासी भीलवाड़ा, दिलखुश पुत्र गोपाल, हबुदी देवी पत्नी मदनलाल निवासी भिनाय तथा राधेश्याम पुत्र मदनलाल निवासी भीलवाड़ा घायल हो गए जिनमे से गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रैफर कर दिया गया। जानकारी पर मसुदा विधायक राकेश पारीक, भिनाय थानाधिकारी महावीर प्रसाद मीणा घायलों की हालात जानने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। दिन में चौबीसों घंटों सड़क पर कई ट्रेलर बेरोकटोक खड़े रहते है जिनकी वजह से यातायात प्रभावित होता है साथ ही एनएचएआई द्वारा टांटोटी सड़क तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने हेतु कोई अंडरपास नहीं दिए जाने के कारण कई वाहन रोंग साईड से आतेजाते रहते है। इसके चलते दुर्घटनाओं की संभावना सतत बनी रहती है।

टक्कर की तेज आवाज से दुर्घटना स्थल पर भीड़ जमा हो गई जिनकी मदद से 108 तथा एनएचएआई की एंबुलेंस में घायलों को चिकित्सा हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

बाड़े में लगी आग से मवेशी एवं लाखों का चारा खाक



भगवानपुरा में अज्ञात कारणों से आग लग गई।

बिजयनगर, (निसं)। गांव भगवानपुरा में सोमवार दोपहर अज्ञात कारणों से बाड़े में लगी आग से लाखों का चारा एवं छोटे बड़े 6 मवेशी जलकर राख हो गए।

जानकारी अनुसार प्रार्थी लादूराम जाट पुत्र प्रताप निवासी भगवानपुरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सोमवार दोपहर उसके बारे में अज्ञात कारणों से लगी आग से 450 क्विंटल चारा एवं दो बड़े मवेशी एवं चार छोटे मवेशी जल गए। आग समीप बने उसके भाई रामधन जाट के बाडे आग के फेलने से चारा एवं छप्पर जलकर राख हो गए। पुलिस को इत्तला मिलने पर एएसआई घनश्याम मीणा मय जाब्ते मौके पर पहुंचे एवं अग्निशमन को ईतला देते हुए ग्रामीणों की सहायता से आग बुझाने के प्रयास किये। ग्राम सथाना पूर्व सरपंच अशोक साहू, पूर्व जिला परिषद सदस्य संजय सिंह, विष्णु चौधरी जगदीश जाट सहित ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच आग को बुझाने में सहायता की।

सीडीईओ ने शिक्षक प्रशिक्षण शिविरों का निरीक्षण किया

- अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

नागौर, (निसं)। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने सोमवार को मकराना ब्लॉक के ग्राम चावंडिया में आयोजित फाउंडेशन लर्निंग एंड न्यूमैरिकी शिक्षक प्रशिक्षण शिविरों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 32 शिक्षकों के उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर होने के उपरांत भी अनुपस्थित पाए गए।

सीडीईओ शर्मा ने इन शिक्षकों द्वारा बरती गई लापरवाही व अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर शिविर प्रभारी तथा संबंधित सीबीईओ से जवाब तलब किया। इन चारों शिविरों में कुल 180 शिक्षक पंजीकृत थे। उन्होंने समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जावेगी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को कहा कि वे प्रशिक्षण के दिन पूरे समय प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक शिविर में रहे तथा प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने शिविर प्रभारियों को आगामी शिविरों के सभी सत्र समय-सारिणी के हिसाब से संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि जिले मे 6 हजार 7 सौ 67 शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण शिविर 27 जून से 23 जुलाई तक 4 चरणों मे आयोजित होंगे। शिविर प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों मे बुनियादी साक्षरता अर्थात समझ के साथ पढना और लिखना है। साथ ही सामान्य गणितीय यथा जोड, बाकी, गुना और भाग की व्यावहारिक समझ के कौशल को विकसित कर सत्र 2026-27 तक शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना है। गौरतलब है कि फाउंडेशन लर्निंग एंड न्यूमेरिकी प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत एक मिशन है जिसे निपुण भारत अभियान नाम दिया गया है।

ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह आज नागौर में

नागौर, (निसं)। राज्य के ऊर्जा (स्वतंत्र प्रभार), जल संसाधन, इंदिरा गांधी नहर परियोजना एवं जल संसाधन (आयोजना) विभाग राज्य मंत्री भंवर सिंह भाटी मंगलवार को नागौर दौरे पर रहेंगे। राज्य मंत्री भाटी जयपुर से सुबह 11 बजे रवाना होकर दोपहर 1 बजे मकराना पहुंचेंगे। यहा दोपहर 1 से 2:30 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। उसके बाद दोपहर 2:30 बजे मकराना में नगर परिषद भवन एवं उप जिला चिकित्सालय भवन उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 4 बजे मामडोली ग्राम में 33/11 केवी ग्रिड सब स्टेशन के लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। शाम 5 बजे लाडोली गांव की निम्बडी ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में पुस्तकालय सभागार कक्ष के उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। शाम 7 बजे गच्छीपुरा ग्राम पंचायत (दमबोई) में सहायक अभियंता कार्यालय व स्टोर रूम के उद्घाटन कार्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

ब्यावर में 'चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो' प्रशिक्षण कार्यक्रम

ब्यावर, (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी में प्रशिक्षणार्थी चार्ट बनाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर शर्मिला कच्छावा, दिनेश कुमार, गोपाल शर्मा और लाली बाई ने सभी संभागीय को प्रजनन तंत्र संक्रमण, एसटीएम और आरटीआई से बचाव प्रबंधन के तरीके, नशा मुक्ति केंद्र, किशोरों में प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य तथा विभिन्न शंका समाधान को चर्चा परिचर्चा के साथ बताए गए।

प्रशिक्षण दो ग्रुप में चलाया जा रहा है। कोऑर्डिनेटर प्रधानाचार्य विमला रावत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी के निर्देशन में संभागी गुरुशरण गोयल, किशन वैष्णव, भोपाल सिंह, खीमराज कटारिया, हरकरण जलवानिया, रमेश चंद मेहरानियां, नीलम सिंह, मोहन सिंह, बाबू खान मंसूरी, गणपत लाल निबेल, हरि प्रकाश सिंह, देवानंद, रोहित जैन, प्रियंका गोयल, सरिता, ओमप्रकाश सिंह, महेंद्र कुमार बोहरा, पुखाराम जोगावत, नारायण सिंह, नारायण लाल प्रजापति सहित115 संभागी पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में लाइफ लाइन रक्तदाता ग्रुप का भी सम्मान किया गया। सम्मान कार्यक्रम संयोजक रवि पारीक, मुख्य अतिथि महावीर रांका, मुकन्द ओझा, विक्रम अरोडा आदि द्वारा प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल छावनी में प्रशिक्षणार्थी चार्ट बनाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

पेट्रोल पंप पर चाकूबाजी मामले में सहयोगी गिरफ्तार

- मुख्य दो आरोपितों सहित तीन अन्य की तलाश जारी

भीलवाडा, (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में एक पेट्रोल पंप पर शनिवार रात चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देने के मामले में पुलिस को मुख्य दो आरोपितों सहित तीन अन्य की तलाश है। अब तक इन बदमाशों का सहयोगी पकडा गया है।

मामले की जांच कर रहे प्रताप नगर थाने के सब इंस्पेक्टर बलवीर खां ने बताया कि 25 जून को ट्रांसपोर्ट नगर में एक युवक पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डलवाने आया था। यह युवक बिना भुगतान किये वहां से बाइक लेकर भागा, जिसे दो कर्मचारियों ने पीछा कर सुखाडिया स्टेडियम के पास रोका और पंप पर ले आये थे।

जहां उक्त युवक ने फोन पे से 250 रुपये का भुगतान किया था। इसी बात को लेकर बाइक में पेट्रोल डलवाने वाला गोविंद सिंह नामक युवक रात 11 बजे अपने तीन साथियों के साथ दुबारा पंप पर पहुंचा।

जहां ये लोग कर्मचारियों से गाली-गलौच करने लगे। ऐसे में पंप पर मौजूद कर्मचारी देवकिशन गुर्जर ने इन युवकों को गाली-गलौच नहीं करने व सुबह आकर बात करने के लिए कहा तो चार में से एक आरोपित ने देव किशन पर चाकू से हमला कर दिया था। इससे वह घायल हो गया।

देव किशन के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर टेंपो चालक कुलदीप सिंह (20) पुत्र स्व.लक्ष्मण सिंह निवासी वार्ड नं. 21, भवानी मंडी जिला झालावाड, हाल मारूति नगर को रविवार को बापर्दा गिरफ्तार किया था। जांच अधिकारी का कहना है कि कुलदीप, सहयोगी था। पंप से पेट्रोल गोविंद सिंह ने भरवाया था, जबकि चाकू मारने वाला भी उसका एक और साथी था। अब गोविंद सिंह सहित अन्य आरोपितों की तलाश है।

भीलवाड़ा पुलिस ने पेट्रोल पंप पर चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देने के मामले में बदमाशों का सहयोगी ही गिरफ्तार किया है।

नशा मुक्ति हेतु प्रेरित किया

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा अंतरराष्ट्रीय नशा निषेद्य दिवस पर आमजन को नशा मुक्ति हेतु जागरूक करने के लिए मानव श्रंखला बना नशा मुक्ति हेतु प्रेरित किया। प्रांतीय पीआरओ एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि वैशालीनगर स्थित वीर उद्यान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमे पतंजलि के योग प्रशिक्षक दौलतराम थदानी योग के माध्यम से नशा प्रवर्ति को दूर करने के आसन सिखाये। मुख्य अतिथि डॉ भरत छबलानी नशा मुक्ति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशे के ज्यादा सेवन से व्यक्तिगत, शारीरिक, आर्थिक हानि तो है ही साथ ही परिवार समाज व देश के लिए घातक है। संभाग 2 की क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन आभा गांधी ने कहा कि युवा पीढ़ी को इस दल दल से बचना चाहिए। नशा छोड़ने का प्रण करे। नशे के खिलाफ जागरूक करने का संदेश दिया। इस अवसर पर लायन गजेंद्र पंचोली, लायन सुनील शर्मा, लायन राजेन्द्र गांधी, अनिता गार्गीया, सुनील जैन, कविता, चेतना, मंजू सोमानी, प्रेमा, रेणु भारद्वाज सहित अन्य क्षेत्रवासी मौजूद थे।

सार-समाचार

रक्त सैनिकों को सम्मान से नवाजा

ब्यावर (निसं)। रक्त सैनिकों की सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान से नवाज़ा गया। रक्तदान प्रणेता ब्लड मैन ऑफ द राजस्थान राजेंद्र माहेश्वरी एवं मुकेश पुरी की प्रेरणा से ग्रामीण व शहरी अंचलों में रक्तदान एवं जनजागृति को समर्पित रेड आर्मी ब्लड हेल्पलाइन ब्यावर के रक्त सैनिकों का बीकानेर की पावन धरा पर गणेशम रिसोर्ट में सम्मान किया गया। बीकाणा ब्लड सेवा समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्तदाता सम्मान समारोह में रक्त सैनिको को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।रेड आर्मी ब्लड हेल्पलाइन के जैकी साहू और चेतन बंजारा ने बिकाना ब्लड सेवा समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा आयोजित इस अनुकरणीय सेवाओं को समर्पित रक्तदाता सम्मान समारोह के लिए धन्यवाद आभार प्रकट किया ।गौरतलब है की यह सम्मान उन समस्त रक्त सैनिकों का है जो निस्वार्थ भाव से अनजाने पीड़ितों को रक्तदान करने के लिए 24 घंटे रक्तदान करने के लिए समर्पित रहते हैं और नियमित रक्तदान करते हैं ।

अग्निपथ योजना का हुआ विरोध

भीलवाडा, (निसं)। केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई अग्निपथ योजना की कई खामियों को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में सोमवार से सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत करते हुए अग्निपथ योजना का पुरजोर तरीके से विरोध शुरू कर दिया है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामपाल शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार अग्निपथ योजना के तहत देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड कर रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल डांगी ने कहा कि अग्नीपथ योजना को लेकर समस्त देश के युवा आक्रोशित व आंदोलित है। उन्होंने योजना को लेकर कई खामियां बताई।

मिलावटी खाद्य पदाथ बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो : कलेक्टर

नागौर, (निसं)। जिले में चलाएं जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर खटनावलिया ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के दौरान अधिकारी पूर्ण सजगता से कार्य करते हुए नशीली व नकली दवाओं, मिलावटी खाद्य पदार्थो आदि की बिक्री करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। अभियान की समीक्षा करते हुए एडीएम खटनावलिया ने कहा कि जहां कहीं भी बिना बिल के बिक्री हो रही है या बगैर एमआरपी के कोई सामग्री बेची जा रही है तो वहां सघन जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करें। साथ ही जिले में बिना लाइसेंस के संचालित दुकानों व बूथों पर प्रभावी कार्रवाई कर जुर्माना लगाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खाद्य पदार्थो के नमूने लेने, माप-तौल की जांच करने, उत्पादों पर एमआरपी व वजन की जांच करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकरी डॉ. मेहराम महिया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार जांगिड, एलएमओ सुरेश कुमार, रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी रामजीवन बेनीवाल, किराणा मर्चेन्ट एसोसिएशन के धर्माराम भाटी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात भवानीसिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

आयकर सर्वे पर नुक्कड़ नाटक

मदनगंज-किशनगढ, (निसं)। सीए संस्थान की और से सीए डे पर सतीश गुप्ता के नेतृत्व में आयकर सर्वे पर नुक्कड नाटक का मंचन किया गया। अध्यक्ष मोहित जैन ने बताया की नाटक के माध्यम से समझाया गया की आयकर रैड व सर्वे में क्या फर्क होता है। सर्वे घर के बजाय केवल बिजनस की जगह पर हो सकता है। सर्वे बिजनस टाईम में वर्किंग डेज में ही हो सकता है, अधिकारी किसी भी तरह की जब्ती नहीं कर सकता और पुलिस की मदद भी नहीं ली जा सकती है। रेड सभी जगहों पर होती है। सीए जतिन हरजाई जयपुर, सी.एम. अग्रवाल किशनगढ ने कहा की डिपार्टमेंट के अफसर टार्गेट लेकर सर्च के दौरान टैक्स जमा कराने के लिए प्रयास करते हैं तो गलत है। जब तक कोई केस अपील में चल रहा है, उसके निर्णय आने तक पैसे जमा कराना जरूरी नहीं है। इस अवसर पर सीए धर्मेन्द्र कांकाणी, सौरभ अगरवाल, अजय टिंकर, अनिरुद्ध बियानी, जुगल किशोर राठी, रामावतार गुप्ता, लघु उद्योग भारती से दीपक शर्मा, भारत विकास परिषद अध्यक्ष भरत सर्राफ, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन से अभिषेक राठी, नंदकिशोर दाधीच, बैंक कर्मचारी रवि राठौर सहित गणमान्य नागरिक सीए, व्यापारी मौजूद रहे। सीए अखिलेश शर्मा ने बताया की सीए डे पर एमआईएस स्कूल में क्रिकेट फाइनल मैच खेला गया, जिसमे इलेवन सुपरस्टार ने फाइनल में जीत दर्ज की।

चोरों ने लाखों के जेवर, नकदी पार किये

मसूदा, (निसं)। मसूदा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शेरगढ के ग्राम किशनपुरा में रविवार को मकान की छत पर परिवार सोता रहा और चोरों ने धावा बोलते हुए करीब 20 लाख रुपए के जेवरात सहित नगदी चुरा ले गए। जानकारी के अनुसार किशनपुरा निवासी प्रकाश पुत्र छगनलाल जाट ने मसूदा थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया कि रविवार देर रात पूरा परिवार छत के ऊपर सोया हुआ था देर रात विद्युत सप्लाई बंद होने पर चोरों ने मकान के ताले तोड़ते हुए मकान के अंदर घुसकर 13 किलो चांदी के आभूषण, तीन मंगलसूत्र, सोने के 3 रखड़ी, 2 जोड़ी मूरकिया, 2 जोड़ी अंगूठी, दो मादलिया, 2 जोड़ी लूंग, 2 जोड़ी झूमरिया, 2 नथ, पांच मादलिया, 2 जोड़ी टॉपस सहित घर में रखें 157000 रुपए पर चोरों ने हाथ साफ किया। चोरी की वारदात की सुबह उठने पर दरवाजे के ताले टूटे देख परिवार जनों को जगाया और कमरे की तलाशी ली तो चोरी की वारदात का पता चला जिस पर मसूदा थाने में सूचना दी। इस पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तफ्तीश जारी की। गनीमत रही कि घर के अंदर चार बहू के गहने थे घर से दो बहुए अपने पीहर गई हुई थी जिनको वे साथ लेकर चली गई थी जिसके चलते अन्य जेवरात बच गए।

अग्निपथ योजना के खिलाफ सत्याग्रह

नसीराबाद, (निसं)। प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर पूरे राजस्थान में अग्निपथ योजना के विरोध में सत्याग्रह का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया जा रहा है। इसी के तहत कस्बे के तहसील परिसर के बाहर पूर्व विधायक महेंद्र सिंह गुर्जर व पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर के नेतृत्व में श्रीनगर व पीसांगन ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने सत्याग्रह में भाग लिया इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता ने योजना का जमकर विरोध किया। इस मौके पर पूर्व विधायक महेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि मोदी सरकार ने योजना लागू कर युवाओं के साथ विश्वासघात किया और उन्हें यह योजना वापस लेनी पड़ेगी क्योंकि यह देश की सेना के साथ खिलवाड़ है पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर ने कहा कि अग्निपथ योजना के नाम पर युवाओं को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे कृषि कानून वापस लिया था उसी तरह इस योजना को भी केंद्र सरकार को वापस लेना पड़ेगा।